https://www.mpboardonline.com

# त्रैमासिक परीक्षा – 2019

## कक्षा – 11वीं

## विषय – बहीखाता एवं लेखाकर्म

**समय – 3 घंटे** **पूर्णांक – 100 अंक**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. **प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ है। जिसके लिए 1 अंक निर्धारित है।**
3. **प्रश्न 6 से 10 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।**
4. प्रश्न 11 से 14 लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक के लिए 3 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न 15 से 21 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न 22 से 26 अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है।

**1. सही विकल्प चुनिये।**

1. दायित्व + पूंजी का योग होता है।
   (अ) सम्पत्ति (ब) आय (स) आहरण (द) व्यय
2. निम्न में से कौन सी स्थायी सम्पत्ति है।
   (अ) देनदार (ब) लेनदार (स) प्राप्य बिल (द) उपस्कर
3. किसी समय के दौरान व्यय पर आय के अधिक्य को कहते है।
   (अ) लाभ (ब) हानि (स) पूंजी (द) बचत
4. लेखांकन हेतु व्यक्त किये गये तर्क संगत विचार को कहते हैं।
   (अ) अवधारणा (ब) बहीखाता (स) प्रमाप (द) इनमें से कोई नहीं
5. क्रय खाता है।
   (अ) वास्तविक खाता (ब) व्यक्तिगत खाता (स) नाममात्र खाता (द) इनमे से कोई नहीं

**2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –**

1. स्वामी को व्यापार का लेनदार ............के कारण माना जाता है।
2. प्रत्येक लेन – देन के दोनो पक्षों की मान्यता को ............अवधारणा कहा जाता है
3. प्रत्येक सौदे में ............ पक्ष प्रभावित होते हैं।
4. सम्पत्ति खाते का शेष ............ होता है।
5. स्वामी के द्वारा व्यापार में विनियोजित राशि को ............ कहते हैं

**3. सही जोड़ी बनाइये –**

| | | |
|---|---|---|
| 1. कार्यशील पूंजी | – | पूंजी,ऋणपत्र |
| 2. आय | – | ख्याति |
| 3. अमूर्त सम्पत्ति | – | लेखांकन की पद्धति |
| 4. स्थायी दायित्व | – | प्राप्तियाँ – व्यय |
| 5. एक वित्तीय वर्ष | – | चालु सम्पत्तियाँ – चालु दायित्व |

**4. सत्य या असत्य लिखिये –**

1. नाम मात्र के खाते का शेष अगले वर्ष ले जाया जाता है।
2. अंतिम रहतिया का मूल्यांकन लागत मूल्य तथा बाजार मूल्य जो भी कम हो पर किया जाता है।
3. खाता बही में आठ खाने होते हैं।
4. तलपट एक सूची है।
5. लेखांकन में सिर्फ मौद्रिक लेन देनो को लिखा जाता है।

**5. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिये –**

1. दोहरा लेखा प्रणाली का प्रतिपादन किसने किया था।
2. सम्पत्ति बेचने पर कौनसा खाता क्रेडिट किया जाता है।
3. खाता बही में निकाले गये शेषों से क्या तैयार किया जाता है।

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

4. एक ऐसे लेन–देन का उदाहरण दीजिये जिससे एक सम्पत्ति मे वृद्धि होगी तथा दायित्व में भी होगी।
5. लेखांकन के समय वित्तीय व्यवहारो को सही दिशा निर्देशित करना क्या कहलाता है ?
6. लेखांकन की उपयुक्त परिभाषा लिखिये।

अथवा

लेखांकन प्रमाप को परिभाषित कीजिए।
7. लेखांकन प्रमाणक किसे कहते है।

अथवा

नामे की चिट्ठी किसे कहते हैं ?
8. डूबत ऋण किसे कहते हैं ?

अथवा

मिश्रित प्रविष्टियों की कोई दो दशाएँ बताइये।
9. खाताबही की परिभाषा दीजिए।

अथवा

तलपट से क्या आशय है।
10. इकहरा लेखा प्रणाली को समझाइये।

अथवा

वित्तीय लेखांकन क्या है ?
11. लेखांकन समीकरण बनाइये।
   (1) 50,000/– रूपये से व्यापार प्रारम्भ किया।
   (2) नगद माल खरीदा – 10,000/–
   (3) राम को उधार विक्रय 5,000/– का किया।
   (4) वेतन चुकाया – 1,000/–

अथवा

लेखांकन के तीन उद्देश्य लिखिये।
12. लेखांकन प्रमाणक की विशेषतायें लिखिये। (कोई चार)।

अथवा

परम्परागत पद्धति एवं आधुनिक पद्धति के अनुसार डेबिट एवं क्रेडिट करने के नियमों को लिखो।
13. माल खाते को किस प्रकार उप विभाजित किया जाता है ?

अथवा

जर्नल एवं खाताबही में अंतर लिखिये। https://www.mpboardonline.com
14. निम्नलिखित सुचनाओं के आधार पर वर्ष के अंत में पूजी ज्ञात कीजिए।

| | |
|---|---|
| 1 अप्रेल 2017 को रोकड से व्यवसाय प्रारंभ किया। | रू. 3,00,000 |
| 31 मार्च 2018 को सम्पत्ति | रू.5,50,000 |
| 31 मार्च 2018 को दायित्व | रू.1,50,000 |
| वर्ष दौरान लगाई गई अतिरिक्त पूंजी | रू.50,000 |

अथवा

लेखांकन विज्ञान है या कला समझाइए।
15. निम्नलिखित व्यवहारों से रोजनामचा तैयार किजिए –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रोकड से व्यवसाय प्रारंभ किया | रू.10,000 |
| 2. | श्याम से माल क्रय किया | रू.1,000 |
| 3. | नकद माल खरीदा | रू.4,800 |
| 4. | नगद माल बेचा 10% व्यापारिक छूट पर | रू.2,000 |
| 5. | मोहन से 5% नगद छूट पर फर्नीचर खरीदा | रू.3,000 |

अथवा

खतौनी की प्रक्रिया को समझाइए।
16. लेखांकन की मूलभूत मान्यताओं को लिखिए।

अथवा

लेखांकन प्रमापों से आप क्या समझते है इसके महत्व को समझाइए।

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

17. लेखांकन की विभिन्न शाखाओ को समझाइए।

अथवा

बहीखाते में लेखांकन का क्रम समझाइये।

18. "जर्नल का नमूना" उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

अथवा

बहीखाता एवं लेखाकर्म में अन्तर लिखिये।

19. खाते से क्या आशय है। इसके प्रकारो को विस्तार से समझाइए।

अथवा

गैर नगद प्रमाणक किन–किन व्यवहारो के लिये लिखे जाते हैं ? नाम दीजिये।

20. निम्नलिखित शेषों से तलपट करें –

| | |
|---|---|
| पूंजी | 3600/– |
| क्रय खाता | 10000/– |
| विक्रय खाता | 7955/– |
| रोकड़ खाता | 3105/– |
| देनदार | 5000/– |
| लेनदार | 6900/– |
| प्रादाकमीशन | 350/– |
| वेतन | 400/– |
| विविध व्यय | 300/– |

अथवा

अशुद्धियों के संशोधन से क्या आशय है। इसके प्रकारो को समझाइए।

21. निम्नलिखित व्यवहारो के जर्नल बनाइयें।

1. 1 जनवरी 18– नगदी पूंजी से व्यापार प्रारम्भ किया – 20000/–
2. 5 जनवरी 18– विमल से 20% व्यापारिक बट्टा एवं 5% नगद बट्टा पर 5000/– रूपये का नगद माल खरीदा।
3. 8 जनवरी 18– कमल को 10000/– का माल 10% व्यापारिक छूट पर विक्रय किया।
4. 14 जनवरी 18– कमल से 8950 रूपये नगद मिले शेष राशि बट्टे में दी।
5. 18 जनवरी 18– नगदी 500 रूपये एवं 300 रूपये का माल का आहरण किया।
6. 25 जनवी 18– बैंक में नगदी जमा कराये 5000/–

अथवा

व्यापारिक छुट एवं नकद छूट में अंतर कीजिये।

22. लेखांकन के उद्देश्य लिखिये। (कोई पाँच)।

अथवा

निम्न की क्या प्रवृष्टि होगी ।

1. माल के चोरी होने पर।
2. माल के जल जाने पर।
3. माल का आहरण करने पर।
4. नगदी 500/– रूपये आहरण करने पर।
5. 5000 के देनदार से 4900/– प्राप्त शेष राशि डूब गई।

23. बैंक समाधान विवरण का महत्व लिखिये।

अथवा

31 दिसम्बर 2018 को रोकड़ बही के अनुसार 12500/– के चैक शेष था। बैंक समाधान विवरण बनाइये।

1. 3000/– के चैक बैंक में संग्रहण को भेजे किन्तु 2000/– के चैक संग्रहित हुए।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

2. 2300/– रूपये के चैक भुगतान हेतु दिये गये। किन्तु 1300/– रूपये के चैक भुगतान हेतु हुए।

3. ग्राहक ने सीधे बैंक में जमा कराये 400/–।

4. बैंक में 100/– रूपये का ब्याज जमा हुआ।

24. सहायक बहियों से आशय तथा इसके प्रकारों को लिखिये।

अथवा

तीन खाने वाली रोकड़ बही बनाइये –

| | |
|---|---|
| 1 जन. 2018 | नगदी शेष – 18000 |
| | बैंग शेष (नामे)– 14000 |
| 3 जनवरी 2018 | नगदी बिकी– 10000 |
| 8 जनवरी 2018 | बैंक में जमा– 16000 |
| 10 जनवरी 2018 | माल खरीदा– 5000 चैक से भुगतान |
| 18 जनवरी 2018 | बैंक से निकाले– 7500 |

25. खुदरा रोकड़ बही के लाभ लिखिये।

अथवा

निम्न विवरणों से खुदरा रोकड़ बही बनाइये।

जनवरी 2019

| | |
|---|---|
| 1 जनवरी– मुख्य रोकड़िया से प्राप्त | 2000/– |
| 5 जनवरी– गाड़ी भाड़ा चुकाया | 80/– |
| 6 जनवरी– डाक व्यय चुकाया | 100/– |
| 8 जनवरी– छपाई व्यय का भुगतान | 150/– |
| 10 जनवरी– स्टेशनरी व्यय चुकाये | 120/– |
| 18 जनवरी– जलपान व्यय चुकाये | 100/– |
| 20 जनवरी– विविध व्यय चुकाये | 50/– |
| 25 जनवरी– गाड़ी भाड़ा चुकाया | 120/– |

26. खाता बही का महत्व लिखिये।

अथवा

निम्न व्यवहारों से राम का खाता बनाइये।

1. माल उधार बेचा –5000/–
2. 500 रू का माल वापिस किया।
3. उन्होने नगदी जमा कराये 2500/–
4. उन्हे नगदी माल बेचा 1000/–
5. राम ने 2000 रूपये हमारे बैंक में जमा कराये।

——XXXX——

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com